# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-3

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**बुधवार, दिनांक 7 जनवरी, 2009 (पौष 17, 1930)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**सामयिक अध्यक्ष महोदया (श्रीमती जमुना देवी) पीठासीन हुईं.**

### 1. शपथ/प्रतिज्ञान

अध्यक्ष महोदया ने घोषणा की कि जिन माननीय सदस्यों ने शपथ नहीं ली है या प्रतिज्ञान नहीं किया है वे शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे। सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे. तद्नुसार, 3 माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान किया गया तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये.

### 2. अध्यक्ष का निर्वाचन

अध्यक्ष महोदया द्वारा घोषणा की गई कि अध्यक्षीय निर्वाचन के संबंध में 5 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। तद्नुसार -

(1) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि -
"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."
श्री कैलाश विजयवर्गीय, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

(2) श्री सज्जन सिंह वर्मा, सदस्य द्वारा अध्यक्ष पद के निर्वाचन संबंधी श्रीमती जमुना देवी, सदस्य द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कि -
"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."
का समर्थन किया गया.

(3) श्री रामलखन सिंह, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि -
"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."
श्री रमेश मैन्दोला, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

(4) श्री लक्ष्मण तिवारी, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि -
"श्री ईश्वरदास रोहाणी, जो इस विधान सभा के सदस्य हैं, को विधान सभा का अध्यक्ष चुना जाय."
भंवर राजा मानवेन्द्र सिंह, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया.

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ.

सामयिक अध्यक्ष महोदया ने श्री ईश्वरदास रोहाणी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया तथा उन्हें अध्यक्षीय आसंदी पर आसीन होने के लिए आमंत्रित किया।

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्रीमती जमुना देवी, सदस्य तथा पक्ष विपक्ष के माननीय सदस्यगण द्वारा श्री ईश्वरदास रोहाणी को अध्यक्ष की आसंदी पर आसन ग्रहण कराया गया।

## 3. माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, सदस्यगण श्रीमती जमुना देवी, सर्वश्री रामलखन सिंह, लक्ष्मण तिवारी, पारस "दादा" तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अध्यक्ष महोदय को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए भाषण दिये।

अध्यक्ष महोदय ने उनके प्रति व्यक्त उद्‌गारों के लिए माननीय सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

## 4. मुख्य प्रतिपक्षी दल की घोषणा

अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि वर्तमान विधानसभा के अन्दर प्रतिपक्ष दलों में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के सदस्यों की संख्या सबसे अधिक है तथा गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्य संख्या से अधिक है, इसलिए मैं भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस को सदन का मुख्य प्रतिपक्ष दल और उसकी नेता श्रीमती जमुना देवी, सदस्य विधान सभा को प्रतिपक्ष की नेता घोषित करता हूँ।

## 5. नेता प्रतिपक्ष महोदया का स्वागत

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से श्रीमती जमुना देवी, सदस्य, विधान सभा को नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई दी।

श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष ने इस पर सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पूर्वाह्न 11.13 बजे अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि अब सदन महामहिम राज्यपाल के आगमन की प्रतीक्षा करेगा।

## 6. महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

मध्याह्न 12.20 बजे महामहिम राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

महामहिम राज्यपाल महोदय (श्री बलराम जाखड़) ने अभिभाषण दिया।

(12.36 बजे महामहिम राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया)

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

## 7. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि -

"महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश विधानसभा में इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं"

श्री केदारनाथ शुक्ला, सदस्य ने इसका समर्थन किया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 12 एवं 13 जनवरी, 2009 का समय नियत किया गया। कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 7 जनवरी, 2009 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

## 8. अध्यक्षीय घोषणा

(1) अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय सदस्यों के अनुरोध पर तथा सदन के नेता की सहमति से दिनांक 9 जनवरी, 2009 को सदन की बैठक नहीं होगी। इसके स्थान पर दिनांक 12 एवं 13 जनवरी, 2009 को सदन की बैठकें कार्य समाप्ति तक चलेंगी।

सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

(2) अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि महामहिम राज्यपाल द्वारा आज दिनांक 7 जनवरी, 2009 को सायं 4.00 बजे समस्त माननीय सदस्यों को राजभवन में आमंत्रित किया गया है। अत: माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर राजभवन पहुंचने का कष्ट करें।

अपरान्ह 12.44 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 12 जनवरी, 2009 (पौष 22, 1930) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**